राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, शनिवार, 22 जून, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### सात सवारी बैठाकर दौड़ा रहा था ऑल्टो, पुलिस ने पकड़ा

**नैनीताल, एजेंसी।** ऑल्टो टैक्सी में सात सवारियां बैठाना टैक्सी चालक को महंगा प? गया। एसओ ने टैक्सी का पीछा कर चालक को पकड़ा, जिसके बाद टैक्सी को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार एसओ रमेश बोरा बुधवार शाम तल्लीताल चौराहे पर यातायात व्यवस्था बना रहे थे। हल्द्वानी मार्ग पर उन्होंने एक ऑल्टो में सवारियों के साथ चालक को बैठते देखा। उनके वहां पहुंचने से पहले टैक्सी हल्द्वानी को निकल गया। एसओ ने वायरलेस पर हनुमानग?ी पर टैक्सी को रोकने के निर्देश दिए। हनुमानग?ी पर तैनात पुलिस कर्मी ने टैक्सी को रोक लिया। टैक्सी का पीछा करते हुए एसओ भी हनुमानग?ी पहुंच गए। उन्होंने टैक्सी से सात सवारियों के साथ चालक को उतारा। एसओ ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर बेतालघाट ऊंचकोट निवासी जीवन चंद्र के खिलाफ कार्रवाई करते हुए टैक्सी को सीज कर दिया गया है।

### समिति एक जुलाई से रोपेगी पौधे

**कोटद्वार, एजेंसी।** श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए आगामी एक जुलाई से दुगड्डा, यमकेश्वर, द्वारीखाल और जयहरीखाल ब्लॉक के गांवों में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम शुरू करेगी। संगठन के अध्यक्ष आरपी पंत और महासचिव सतीश शर्मा ने बताया कि एक जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया जाएगा। 17 जुलाई को यमकेश्वर ब्लॉक में हरेला पर्व के तहत पौधे रोपे जाएंगे। 24 जुलाई को भैरवगढ़ी मंदिर परिसर और 31 जुलाई को गोरखनाथ मंदिर परिसर में पौधे रोपे जाएंगे।

### सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग, सीएम को ज्ञापन

**कोटद्वार, एजेंसी।** पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने कोटद्वार की मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग उठाई है। समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत की अगुवाई में पूर्व सैनिकों ने इस संबंध में एसडीएम सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। पूर्व सैनिकों ने कहा कि पौड़ी नेशनल हाईवे, स्टेशन रोड, मालिनी मार्केट, गोखले मार्ग, गैराज रोड समेत सभी चौक चौराहों पर अतिक्रमण होने से यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन की ओर से पूर्व में अतिक्रमण चिह्नित कर लाल निशान लगाए गए थे फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाए गए। कहा कि प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में कैप्टन देवेंद्र सिंह रावत (सेवानिवृत्त), गोपाल सिंह, हवलदार भरत सिंह (सेवानिवृत्त), सुरेश पाल गुसाईं, सुभाष कुकरेती, राजेश बिष्ट, शूरवीर खेतवाल, ठाकुर सिंह गुसाईं, नंद सिंह, राजमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

### यमकेश्वर तहसील के खाते से धनराशि निकालने वाला सरगना बिहार से गिरफ्तार

**कोटद्वार, एजेंसी।** यमकेश्वर तहसील के खाते से धनराशि निकालने के मामले में फरार चल रहे गैंगलीडर और कुख्यात सरगना को यमकेश्वर थाना पुलिस और सीआईयू की टीम ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ बिहार व अन्य राज्यों के विभिन्न थानों में हत्या, जबरन वसूली, ठगी समेत कई धाराओं में कई मुकदमें दर्ज हैं। सरगना पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस मामले में दो आरोपियों को गत जनवरी माह में गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईयू प्रभारी उप निरीक्षक कमलेश शर्मा ने बताया कि बीते 20 दिसंबर 2023 को तहसीलदार यमकेश्वर सुधा डोभाल ने थाना यमकेश्वर में शिकायत्री पत्र दिया था। कहा था कि तहसील यमकेश्वर के सरकारी खाते से अज्ञात लोगों ने 13 कूटरचित चेक विभिन्न खाताधारकों के खातों में लगाकर 11.17 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने आईपीसी की धाराओं में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस के जरिए विगत 26 जनवरी को निहाल सिंहा और रोहिल राज को पटना से गिरफ्तार कर लिया था। जबकि गैंग लीडर गोरे लाल यादव उर्फ दीपक कुमार उर्फ गोरखा निवासी ग्राम हुसैना मेदनी चौक थाना जिला लखीसराय बिहार फरार चल रहा था।

# अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, लोगों ने एक दूसरे को दी बधाई



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड श्रम सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत की अध्यक्षता में दीप जलाकर और धवंतरी वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अल्मोड़ा नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान योग साधकों ने सामूहिक रूप से योग किया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड श्रम सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत की अध्यक्षता में दीप जलाकर और धवंतरी वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में एक संकल्प के रूप में अंतरराष्ट्रीय पटल पर योग को पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वयं भी योग करें और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करें। डीएम विनीत तोमर ने कहा कि योग शरीर को निरोगी बनाता है। उन्होंने जिले के लोगों को योग दिवस की बधाई दी। डॉ. मंजू बोरा के नेतृत्व में सभी ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक विभाग के अधिकारी, कर्मी और विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल रहे।

# शासन में धूल फांक रहा जिला अस्पताल के लिए चयनित भूमि का प्रस्ताव

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जेएलएन जिला चिकित्सालय के लिए चयनित भूमि का प्रस्ताव पिछले डेढ़ साल से शासन में धूल फांक रहा है। इस वजह से अभी तक जिला चिकित्सालय के 200 बेड के अस्पताल का निर्माण नहीं हो पा रहा है। वर्तमान जिला चिकित्सालय का भवन मेडिकल कॉलेज के अधीन है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्तमान में चल रहे जिला चिकित्सालय की भूमि साल 2006 में मेडिकल कॉलेज के नाम पर स्थानांतरित हो गई थी। जिला चिकित्सालय दूसरी जगह बनना है। इसके लिए जिले में 200 बेड के जिला चिकित्सालय का निर्माण प्रस्तावित भी है। जिला प्रशासन की ओर से पुराने जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय परिसर में ही 200 बेड का अस्पताल बनाने के लिए भूमि का चयन कर प्रस्ताव शासन को भेजा था। 14 दिसंबर 2022 को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में व्यय समिति की बैठक हुई जिसमें वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति के लिए योजना रखी गई लेकिन मुख्य सचिव ने 200 बेड के अस्पताल के लिए नए स्थल को चयनित करने के निर्देश दिए थे। इस पर जिला प्रशासन की ओर से ग्राम फाजलपुर महरौला में एएन झा इंटर कॉलेज के नाम दर्ज आठ एकड़ भूमि, ग्राम भूरारानी में मंडी परिषद के नाम अंकित आठ एकड़ भूमि एवं ग्राम बिगवाड़ा में उद्योग विभाग की 6.776 हेक्टेयर भूमि को चयनित किया गया। दिसंबर 2022 को तत्कालीन डीएम ने तीनों स्थलों पर चयनित भूमि का प्रस्ताव बनाकर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के सचिव को भेजा था। उन्होंने चयनित तीनों स्थलों में से उद्योग विभाग की भूमि को उचित बताया था। ये भूमि एनएच किनारे स्थित है। तत्कालीन डीएम ने चयनित भूमि का प्रस्ताव तो शासन में भेज दिया लेकिन अब तक चयनित भूमि के प्रस्ताव पर शासन की मोहर नहीं लगी है। इस कारण 200 बेड के जिला चिकित्सालय का निर्माण नहीं हो पाया। इससे अब जिला चिकित्सालय की ओपीडी मेडिकल कॉलेज के नए भवनों में संचालित हो रही है। 200 बेड का जिला चिकित्सालय बनना है।

# प्लास्टिक दाना बनाने वाली बंद फैक्टरी धधकी



**नानकमत्ता, एजेंसी।** प्लास्टिक का दाना बनाने की बंद पड़ी फैक्टरी में बृहस्पतिवार शाम आग लग गई। सूचना के करीब एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में एक घंटा लग गया। आग से फैक्टरी में लगी प्लास्टिक दाना बनाने वाली मशीन, प्लास्टिक का कच्चा माल आदि सामान नष्ट हो गया। नगर के वार्ड नंबर तीन निवासी धर्मवीर राठौर पुत्र मेवाराम राठौर ने ग्राम नौगजा कल्याणपुर मार्ग पर राठौर लघु उद्योग के नाम से प्लास्टिक का दाना बनाने की फैक्टरी बनाई थी। फैक्टरी में मशीन और प्लास्टिक दाना बनाने का कच्चा माल पहुंचते ही ग्रामीणों ने प्रदूषण फैलने की शिकायत विरोध शुरू कर दिया। इसके चलते फैक्टरी बंद थी। बृहस्पतिवार शाम पांच बजे बंद फैक्टरी से धुआं निकलता देख ग्रामीणों ने धर्मवीर और पुलिस को सूचना दी। जब तक धर्मवीर मौके पर पहुंचता आग ने विकराल रूप ले लिया था। मौके पर पहुंचे एसआई शंकर सिंह बिष्ट, एसआई अशोक कांडपाल ने फायर बिग्रेड एवं उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना के एक घंटे बाद सितारगंज और खटीमा से पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्टरी स्वामी ने आग से 20 लाख रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।

# लिगेसी रिसाइकिल मशीन की चपेट में आने से श्रमिक का हाथ कटा



**काशीपुर, एजेंसी।** नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड में लगी लिगेसी रिसाइकिल मशीन की चपेट में आने से बुजुर्ग श्रमिक का बायां हाथ कट गया। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग श्रमिक को उसके साथियों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। नगर निगम प्रशासन ने मानपुर रोड स्थित ट्रचिंग ग्राउंड में देवघर झारखंड की एमएसडब्ल्यूएम प्रा.लि.कंपनी को कूड़ा निस्तारण का ठेका दिया हुआ है। यहां पर प्रेम लाल (65) पुत्र विश्वनाथ निवासी सीधी, मध्यप्रदेश पानी पिलाने का काम करता है। कंपनी के मैकेनिकल इंजीनियर सलमान ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग दस बजे प्रेम लाल मशीन के पास एक सरिया का टुकड़ा लेकर कूड़े के पहुंच गया तभी अचानक उनका हाथ मशीन की बैल्टी पुली की चपेट में आने से कट गया। आनन-फानन में मशीन को बंद कराया गया और उन्हें गिरीताल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बृहस्पतिवार को लगभग 2-3 घंटे चले ऑप्रेशन के बाद बुजुर्ग का बायां हाथ कंधे से अलग करना पड़ गया। बुजुर्ग के भतीजे सन्नी व गोविंद ने बताया कि घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। शुक्रवार शाम तक परिजन पहुंच जाएंगे। साथ ही उन्होंने बताया कंपनी तो पूरा सहयोग कर रही है लेकिन नगर निगम प्रशासन की ओर से अभी तक कोई देखने नहीं आया है। उधर नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया निगम प्रशासन ने कंपनी को ठेका दिया हुआ है। घायल होने वाला व्यक्ति भी कंपनी का है। बावजूद इसके निगम प्रशासन ने अपने डॉक्टर से देखने और हरसंभव मदद के लिए कहा है।

## रिटायर्ड चालक ने कोतवाली के सामने गटका कीटनाशक, मां से कहासुनी के बाद घर से निकले थे

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी मंडी क्षेत्र निवासी सेवानिवृत्त रोडवेज चालक भगवान स्वरूप (60) ने बुधवार दोपहर हल्द्वानी कोतवाली के सामने अपनी ही कार में कीटनाशक गटक लिया। हल्द्वानी मंडी क्षेत्र निवासी सेवानिवृत्त रोडवेज चालक भगवान स्वरूप (60) ने बुधवार दोपहर हल्द्वानी कोतवाली के सामने अपनी ही कार में कीटनाशक गटक लिया। एक राहगीर ने पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग को अस्पताल भिजवाया। अब बुजुर्ग की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह भगवान स्वरूप की किसी बात को लेकर अपनी मां से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह गुस्से में कार लेकर घर से निकले। दोपहर साढ़े 12 बजे उन्होंने कोतवाली के पास गाड़ी सड़क किनारे लगाई। कार में बैठकर बुजुर्ग ने कीटनाशक खा लिया। यहां से गुजर रहे बाइक चालक ने जब उन्हें देखा तो पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कीटनाशक का पैकेट छीना और बुजुर्ग को बेस अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक भगवान स्वरूप रुद्रपुर डिपो से चालक के पद से सेवानिवृत्त हैं। एसओ उमेश कुमार मलिक ने बताया कि बुजुर्ग का उपचार चल रहा है, उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# कुत्ते से बचने के लिए राख के ढेर में घुसा बालक




**काशीपुर, एजेंसी।** कुत्ते से बचने के प्रयास में एक बालक खाली प्लाट में सुलग रही राख के ढेर में घुस गया। चीख-पुकार सुनकर लोगों ने बमुश्किल बालक को बाहर निकाला और सरकारी अस्पताल पहुंचाया। बाद में हालत गंभीर होने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जसपुर खुर्द स्थित एक खाली प्लाट में भरान के लिए किसी कारखाना की राख डाली गई है, जिसमें झाड़ी उग आई हैं। बताया जाता है बीते बुधवार की शाम कुछ नशेड़ियों ने झाड़ियों में आग लगा दी थी। रात में हुई बारिश से आग तो बुझ गई लेकिन प्लाट में पड़ी राख अंदर-अंदर सुलगने से धुआं उठ रहा था। बृहस्पतिवार शाम लगभग चार बजे जसपुर खुर्द निवासी शमीम (10) पुत्र कलुआ कुत्ते से बचने के प्रयास में उसी खाली प्लाट में घुस गया जहां आग सुलग रही थी। वह उसमें कमर तक धंस गया, चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बमुश्किल उसे निकाला और पूर्व पार्षद अनिल कुमार के सहयोग से एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर के मुताबिक बालक कमर से नीचे लगभग 30 फीसदी झुलस गया था जिसके कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पूर्व पार्षद अनिल ने बताया कि बालक को बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने दो वाहनों के सहयोग से खाली प्लाट में सुलग रही आग को बुझाया।

# पटवाडांगर में पानी की टंकी में निकला अजगर



**नैनीताल, एजेंसी।** नगर के समीपवर्ती पटवाडांगर क्षेत्र में पानी की टंकी में अजगर दिखने से गांव में खलबली मच गई। सूचना के बाद देर रात पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर अजगर को पानी की टंकी से बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम पटवाडांगर क्षेत्र में स्थानीय लोगों को अजगर दिखाई दिया। इससे पहले कि स्थानीय लोग किसी को सूचना देते अजगर झा?ियों में छिप गया। मंगलवार देर शाम क्षेत्र में तैनात सुरक्षा गार्ड पानी की टंकी में लेबल देखने गया तो उसने पानी की टंकी की खि?की में अजगर बैठा हुआ पाया। अजगर को देखकर वह डर गया। उसने त्वरित क्षेत्र के लोगों को इसकी सूचना दी जिससे मौके पर लोगों की भी? लग गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी पहुंच गई। वन विभाग के निमेष दानु ने अपने साथियों की मदद से रेस्क्यू कर टंकी से अजगर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि अजगर दस फुट लंबा था। उसे कालाढूंगी क्षेत्र के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया है।

# भरसार विवि में प्रवेश के लिए अब 25 जून तक करें आवेदन

**पौड़ी/थलीसैंण, एजेंसी।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विवि भरसार प्रशासन ने प्रवेश के लिए कम पंजीकरण होने पर अब ऑनलाइन आवेदन की तिथि 25 जून तक बढ़ा दी है। विवि में स्नातक, परास्नातक व पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की पहले यह तिथि 20 जून निर्धारित की गई थी। प्रदेश के पांच परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आगामी 14 जुलाई को होगी। विवि प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। विवि के प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. वीपी खंडूड़ी ने बताया कि भरसार विवि में प्रवेश प्रक्रिया बीते 13 मई से शुरू हो गई थी। मगर छात्रों की पंजीकरण संख्या कम थी। विवि में स्नातक, परास्नातक व पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि 20 जून निर्धारित थी जिसे आगामी 25 जून तक बढ़ा दिया है। यह छात्रों के लिए प्रवेश का अंतिम मौका होगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा आगामी 14 जुलाई विवि के भरसार, रानीचौरी परिसर के साथ ही श्रीनगर, हल्द्वानी व देहरादून केंद्रों में होगी। बताया कि

# पंतनगर में बस्तियों को हटाने को लेकर विरोध, विधायक बेहड़ के साथ डीएम से मिले लोग

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की जद में आ रही बस्तियों को उजाड़ने से पहले पुनर्वास की मांग हो रही है। बस्ती वासियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा और सांकेतिक प्रदर्शन किया। रुद्रपुर में पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की जद में आ रही बस्तियों को उजाड़ने से पहले पुनर्वास की मांग हो रही है। बस्ती वासियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा और सांकेतिक प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ की अगुवाई में पंतनगर की संजयनगर और मस्जिद कॉलोनी के लोगों ने कलक्ट्रेट में सांकेतिक प्रदर्शन कर डीएम उदयराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए कार्यवाही चल रही है। करीब 804 एकड़ भूमि नागरिक उड्डयन विभाग उत्तराखंड व अन्य विभागों के नाम पर पंतनगर विवि की भूमि दर्ज की गई है। दर्ज भूमि के साथ खसरा नंबर- 276 में संजय नगर कॉलोनी और नगला ग्राम की भूमि में बसी मस्जिद कॉलोनी का उल्लेख स्पष्ट नहीं है। मस्जिद कॉलोनी और संजयनगर कॉलोनी में वर्षों से बसे लोगों में भय है। कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण से उड़ानों के फ्लाइंग जोन में आने वालीं बस्तियों को भी भविष्य में हटाने की योजना है। फ्लाइंग जोन होने के कारण बस्तियों को हटाया जाता है तो हटाने से पूर्व उनको पहले विस्थापित किए जाने की योजना बनाई जाए। इसके लिए पंतनगर विवि की जमीन दी जाए। इसके साथ ही इन लोगों के बने हुए मकान के लिए मुआवजा दिया जाए। पहले अगर लोगों को हटाया जाता है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। डीएम ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहां इंटक जिलाध्यक्ष जनार्दन सिंह, अनिता देवी, नसीम बेगम, शीला दवी, जगदीश, मनोहर, सुनील, संजय, सगीर, मोहम्मद जुबेर आदि थे।



राष्ट्रीय दैनिक
**प्रातः किरण**



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran

www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, शनिवार, 22 जून, 2024

# राजघाट पर गांधी जी को नमन कर हरियाणा से दिल्ली के हक का पानी लेने के लिए जलमंत्री आतिशी ने शुरू किया पानी सत्याग्रह

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



दिल्लीवालों के हक का पानी भाजपा की हरियाणा सरकार से लेने की मांग के साथ जलमंत्री आतिशी ने शुक्रवार को अनिश्चित कालीन ह्यपानी सत्याग्रह की शुरूआत की। सत्याग्रह शुरू करने से पहले सुबह 10.45 बजे वो सीएम अरविंद केजरीवाल के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात कीं। यहां से सुबह 11 बजे राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वो धरना स्थल जंगपुरा स्थित भोगल पहुंची और यहां दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन ह्यपानी सत्याग्रहह्न की शुरूआत की। इस दौरान उनके साथ सीएम अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल, सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज व इमरान हुसैन, विधायक दुर्गेश पाठक, राखी बिड़लान समेत कई विधायक व पार्षद मौजूद रहे।

इस दौरान जलमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली को रोजाना 1005 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। इसमें से 613 एमजीडी पानी हरियाणा देता है, लेकिन पिछले दो हफ़्ते से हरियाणा केवल 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है। दिल्ली की जल मंत्री होने के नाते मैंने दिल्ली के हक का पानी लेने के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने नहीं दिया। इस संबंध में मैंने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा और उनसे अनुरोध किया कि आप ही हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी दिलवा दीजिए। लेकिन राहत मिलने के बजाय पिछले दो दिनों से हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हक का 120 एमजीडी पानी रोक लिया है। इसीलिए मुझे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना पड़ा।

दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने कहा कि जितनी गर्मी इस साल दिल्ली में पड़ी है, उतनी शायद पिछले 100 सालों में नहीं पड़ी होगी। दिल्ली का तापमान कुछ दिन पहले 50 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया था। रात के 10 बजे भी 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान रहता है। इतनी भीषण गर्मी में हर इंसान के पानी की जरूरत बढ़ जाती है। एक ऐसे समय पर जब दिल्लीवालों को ज्यादा पानी की जरूरत है, उस समय दिल्ली में पानी की कमी हो गई है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के पास खुद का पानी का कोई स्रोत नहीं है। दिल्ली का सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली को रोजाना 1005 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी मिलता है। ये पानी दिल्ली के वाटर ट्रीटमेंट प्लांटों में जाता है और वहां से पाइपलाइनों से पानी लोगों के घरों तक जाता है।

आतिशी ने कहा कि इस 1005 एमजीडी पानी में से 613 एमजीडी पानी हरियाणा से आता है। लेकिन पिछले 2 हफ़्तों से लगातार हरियाणा दिल्ली को कम पानी दे रहा है। हरियाणा सरकार, दिल्ली को 613 एमजीडी के बजाय 500-513 एमजीडी पानी दे रही है। रोजाना 100 मिलियन गैलन कम पानी दे रही है। उन्होंने कहा कि एक मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी से 28,500 लोगों को पानी मिलता है। यानी जब हरियाणा की सरकार दिल्लीवालों का 100 एमजीडी पानी रोकती है तो दिल्ली के 28 लाख से ज्यादा लोगों का पानी रुक जाता है। यही कारण है कि आज दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। दिल्लीवाले घंटों तक पानी का इंतजार कर रहे है। बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। महिलाएं इस तपती गर्मी में खड़े होकर टैंकरों का इंतजार करती हैं कि अपने घर के लिए एक बाल्टी पानी तो भर लें। आतिशी ने कहा कि, जलमंत्री होने के नाते मैंने हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी मांगने के लिए हर संभव प्रयास कर लिया। मैंने हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा कि हमारा पानी दे दीजिए, लेकिन हरियाणा की सरकार नहीं मानी। मैंने हिमाचल प्रदेश की सरकार से कहा कि यदि उनके पास अतिरिक्त पानी है तो वो दिल्ली को दे दें। हिमाचल प्रदेश की सरकार पानी देने को तैयार भी हो गई लेकिन हिमाचल प्रदेश का पानी भी हरियाणा से होकर आना था और हरियाणा सरकार ने उसके लिए भी मना कर दिया। मैंने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई और सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि दिल्ली में पानी का बहुत ज्यादा संकट है, लेकिन उसके बाद भी हरियाणा सरकार ने पानी नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के सारे उच्चाधिकारी हरियाणा के अधिकारियों से मिलने, पानी मांगने के लिए चंडीगढ़ गए, लेकिन फिर भी हरियाणा सरकार नहीं मानी। मैंने 2 दिन पहले प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा कि 28 लाख दिल्ली वाले परेशान है और एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। इसलिए आप ही हमें हरियाणा से पानी दिलवा दीजिए। लेकिन पानी दिलवाना तो दूर, हरियाणा ने पिछले 2 दिन में और भी पानी रोक दिया। हरियाणा ने जहां 100 एमजीडी पानी रोका था, गुरुवार के आंकड़े देखें तो 120 एमजीडी पानी रोक लिया। आतिशी ने कहा कि जलमंत्री होने के नाते मैंने हर संभव कोशिश कर ली, लेकिन अब कोई रास्ता नहीं निकल रहा तो हमें गांधी जी ने सिखाया है कि जब हम सच्चाई के रास्ते पर चलते हैं, न्याय के लिए लड़ते है।

# जनकपुरी विधानसभा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

आज पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी विधानसभा में आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर योग दिवस का कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव सह प्रभारी जम्मू और कश्मीर आशीष सूद द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में लगभग पूरे विधानसभा से सैकड़ों निवासियों ने हिस्सा लिया तथा योग की शिक्षा ली।

**आशीष सूद** ने कहा की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आरडब्ल्यूए का बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने अपने सभी लोगों को योग के प्रति जागरूक किया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हिस्सा बनें।

**विनोद कुमार मन्नी** (भाजपा नेता जनकपुरी) ने कहा की हमें स्वस्थ्य एवम तनावमुक्त रहने के लिए योग रोजाना करना चाहिए, यह योग दिवस आज के दिन पूरे विश्व में बनाया जाता है जिसका श्रेय हमें अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देना चाहिए जिनके कारण आज हमारी पहचान पूरे विश्व में बनी है।

**संजय पोद्दार** आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सी ब्लॉक जनकपुरी ने कहा की योग एक वरदान है जो की हमें हमारे ऋषि मुनियों से प्राप्त हुआ है योग प्रीतिदिन करने से हम सभी स्वस्थ्य और तनावमुक्त रह सकते है इसलिए हमें योग को दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए।

# दिल्ली जल संकट: हरियाणा से अधिक पानी की मांग के लिए आतिशी ने शुरू की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**




दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा से प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन पानी छोड़े जाने की अपनी मांग को लेकर शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के भोगल इलाके में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। उनके साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्न ी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य नेता मौजूद हैं।

आतिशी ने कहा, दिल्ली सरकार में जल मंत्री होने के नाते मैंने राष्ट्रीय राजधानी को पानी दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है, लेकिन अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने के अलावा मेरे पास कोई विकल्प नहीं बचा। उन्होंने कहा, यह भूख हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक हरियाणा सरकार दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं दे देती। सुनीता केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा, जिसमें उन्होंने उम्मीद जताई कि आतिशी की तपस्या सफल होगी। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे लोगों की दुर्दशा को टेलीविजन पर देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। उन्होंने जेल से भेजे गए अपने संदेश में कहा, ह्यप्यासे को पानी पिलाना हमारी संस्कृति है। दिल्ली को पड़ोसी राज्यों से पानी मिलता है। हमें ऐसी भीषण गर्मी में पड़ोसी राज्यों से मदद की उम्मीद थी। लेकिन, हरियाणा ने दिल्ली के पानी का हिस्सा ही कम कर दिया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने हरियाणा में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा, ह्वदोनों राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें हैं, लेकिन क्या यह पानी पर राजनीति करने का समय है? इससे पूर्व, आतिशी ने सुनीता केजरीवाल, आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज और अन्य नेताओं के साथ भोगल जाने से पहले राजघाट जा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। आतिशी ने सुबह सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हर संभव प्रयास करने के बाद भी हरियाणा सरकार दिल्ली को पूरा पानी नहीं दे रही है, इसलिए वह दक्षिणी दिल्ली के भोगल इलाके में दोपहर 12 बजे से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू करेंगी। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता ने एक्स पर कहा था, आज से ह्यपानी सत्याग्रह शुरू करूंगी मैं ाज 12 बजे से भोगल, जंगपुरा में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करूंगी। जब तक दिल्ली वालों को हरियाणा से अपने हक का पानी नहीं मिलेगा तब तक अनशन पर रहूंगी। आतिशी ने इससे पहले दावा किया था कि हरियाणा पिछले दो सप्ताह से दिल्ली को उसके हिस्से के 613 एमजीडी पानी के मुकाबले प्रतिदिन 100 मिलियन गैलन कम पानी छोड़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप दिल्ली में 28 लाख लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने के कारण पानी की मांग बढ़ गई है।

# राजधानी दिल्ली मे छाए बादल, न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सुबह बादल छाए रहे और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य तापमान है। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली के कुछ हिस्सों में आज दिन में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार और रविवार को बादल छाए रहने की संभावना जताई है, जिससे दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 157 दर्ज किया गया, जो कि मध्यम श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

इसी बीच, पिछले पांच दिनों में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से वंचित सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़े 50 लोगों के शव बरामद किए गए। हालांकि, पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि उनकी मौत गर्मी से संबंधित बीमारियों के कारण हुई है या किसी अन्य वजह से।

# ईडी ने मुख्यमंत्री के जमानत आदेश को अदालत की वेबसाइट पर अपलोड होने से पहले ही चुनौती दे दी: सुनीता

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को दावा किया कि उनके पति के जमानत संबंधी आदेश को, उसकी प्रति निचली अदालत की वेबसाइट पर अपलोड होने से पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्च न्यायालय में चुनौती दे दी।

दक्षिणी दिल्ली के भोगल इलाके में लोगों को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा कि देश में तानाशाही की सभी हदें पार हो चुकी हैं और दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ एक वांछित आतंकवादी जैसा व्यवहार किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने हरियाणा से प्रतिदिन उसके हिस्से का पानी छोड़े जाने की अपनी मांग को लेकर शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली के भोगल इलाके में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। इस दौरान आतिशी के साथ मौजूद सुनीता केजरीवाल ने कहा, निचली अदालत की वेबसाइट पर जमानत आदेश अपलोड होने से पहले ही ईडी ने इसे रोकने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। देश में तानाशाही ने सारी हदें पार कर दी हैं। हालांकि, उच्च न्यायालय का आदेश आना अभी बाकी है। हमें उम्मीद है कि अदालत न्याय करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर तब तक रोक लगा दी है, जब तक कि वह प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर सुनवाई नहीं कर लेता जिसमें कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को मिली राहत को चुनौती दी गई है। ईडी ने न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन और न्यायमूर्ति रविन्द्र डुडेजा की पीठ के समक्ष निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका का उल्लेख किया।

# सभी गांवों में पीएनजी गैस पहुंचाने के लिए उपराज्यपाल का आभार। पंचायत संघ

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**

- गांवों को लालडोरा विस्तारित लाल डोरा से मुक्त कराने की मांग। पंचायत संघ

दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा सभी गांव में पीएनजी गैस कनेक्शन अगले वर्ष मार्च तक पहुंचाने के लक्ष्य के लिए स्वागत किया। और गांवों की सभी समस्याओं के समाधान जल्द से जल्द कराने में तत्पर रहने के लिए धन्यवाद। दिल्ली पंचायत संघ उनसे मिलकर उनका स्वागत करेगी। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने माननीय उपराज्यपाल वी के सक्सेना का दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों की तरफ से मिलकर उनका स्वागत करेंगी। उनके अथक प्रयास से उनके द्वारा चलाए जा रहे ग्रामोदय संवाद अभियान चलाने को सराहनीय बताया। इसके चलते गांवों में कार्य चल रहे हैं।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने दूसरी और उनसे मांग की कि गांव की लालडोरा व विस्तारित लाल डोरा आबादी को भी जल्द से जल्द मलिकाना हक दिलवाएं ।ताकि सरकार की सभी सुविधाओ व बैंक से ऋण की सुविधा मिल सके। पुराने मकानो को तोड़कर नये बना सके।

पंचायत पंच प्रमुख यमन यादव ने दिल्ली के शहरी विकास विभाग में वर्ष 2013 से लंबित 130 गांव की 244 फाईले मालिकाना हक के लिए धूल चाट रही है। उन पर कार्रवाई की मांग की।ओर गांवो को मालिकाना हक व लाल डोरा विस्तारित लाल डोरा से मुक्ति की योजना लाने की मांग। दिल्ली नगर निगम द्वारा गांव को भारी भरकम हाउस टैक्स व भवन उपनियम से भी छुटकारा दिलवाने, रोजगार के लिए गांव को व्यवसायिक श्रेणी में करने की मांग।

पंचायत संघ सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि गांव को हर घर नल, नल से जल से भी जोड़ा जाए। गांव के जल स्रोतों तालाबों का पुनरुद्धार करवाएं। उनके द्वारा एक वृक्ष लगाओ का स्वागत करते हुए पंचायत संघ ने सभी पंचायत प्रमुखों से भी आवाह्न किया वे वृक्षारोपण अभियान से जुड़े। व वृक्षारोपण कर दिल्ली से प्रदूषण में पानी की कमी से बचने के लिए योगदान करें।

# आप सांसद ने केजरीवाल की जमानत के आदेश पर रोक लगाने के लिए सरकार की आलोचना की



नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत प्रदान करने के अधीनस्थ न्यायालय के आदेश पर रोक लगाये जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर न्याय व्यवस्था का मजाक बनाने का आरोप लगाया।

सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्वमोदी सरकार की गुंडागर्दी देखिए, अभी अधीनस्थ न्यायालय का आदेश ही नहीं आया, आदेश की प्रति भी नहीं मिली तो मोदी की ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) उच्च न्यायालय में किस आदेश को चुनौती देने पहुंच गई? क्या हो रहा है इस देश में?ह्व आप सांसद ने कहा, न्याय व्यवस्था का मजाक क्यों बना रहे हो मोदी जी? पूरा देश आपको देख रहा है। ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अधीनस्थ न्यायालय के जमानत संबंधी आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि एजेंसी को अपना मामला रखने का उचित अवसर नहीं दिया गया। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल को जारी समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर गिरफ्तारी से संरक्षण देने से इनकार कर दिया था।

# बांग्लादेशी नागरिक को भारतीय बनाकर भेजा था वआए

**संवाददाता**

- वर्क वीजा समाप्त होने पर लौटा भारत तो खुली पोल
- वेस्ट बंगाल और उड़ीसा के दो एजेंट गिरफ्तार



आईजीआई एयरपोर्ट थाना की पुलिस टीम ने फर्जीवाड़ा के मामले में दो एजेंट को गिरफ्तार किया है। जिसमें से एक वेस्ट बंगाल और दूसरा उड़ीसा का रहने वाला है। यह लोग फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड इत्यादि बनाकर बांग्लादेशी नागरिक को भारत का नागरिक बनाकर आगे विदेश भेजने का गोरखधंधा में शामिल थे। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक का फर्जी डॉक्यूमेंट बनाकर उसे यूएई भेजने के मामले में इन दोनों को पकड़ा गया है।

खुलासा तब हुआ जब एक बांग्लादेशी नागरिक यूएई से आईजीआई एयरपोर्ट वापस पहुंचा था मार्च महीने में। इमीग्रेशन क्लीयरेंस के दौरान उसके डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो उसमें गड़बड़झाला का पता चला। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह 2020 में मेघालय बॉर्डर क्रॉस करके अवैध रूप से भारत आया था। फिर वेस्ट बंगाल में रुका और 2023 में वह यूएई वर्क वीजा पर गया था। इस मामले में उसकी कई एजेंट ने मदद की थी।

फिर इस मामले में आगे की छानबीन करती हुई एसएचओ विजेंद्र राणा की देखरेख में लेडी सब इंस्पेक्टर सरोज और सहायक सब इंस्पेक्टर प्रदीप की पुलिस टीम ने दीपक रॉय और एस दीनबंधु पात्रा उर्फ दिनेश को गिरफ्तार किया। यह भी पता चला कि इन लोगों ने अलग-अलग नाम से 21 फर्जी पासपोर्ट इश्यू किया था। इनके पास से ब्लैक स्टांप पेपर ऑफ वेस्ट बंगाल के भी बरामद किए गए हैं। इनके ऑफिस से काफी डॉक्यूमेंट भी पुलिस ने जप्त किया है।

पता चला कि जिस बांग्लादेशी नागरिक को भारत का डॉक्यूमेंट बनाकर यूएई भेजा था। उससे इन एजेंटों ने डेढ़ लाख रुपये लिया था। लेकिन जब उसका वर्क विजा यूएई में समाप्त हो गया तो उसे वापस भारत आना पड़ा। एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन डिपार्टमेंट ने जांच में उसकी पोल खोल दी।

# दिल्ली कांग्रेस ने नीट पेपर लीक को लेकर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता**



कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से देशवासी भाजपा की भ्रष्ट मोदी सरकार को झेल रहे है और 2014 से हुई परीक्षाओं में अधिकतर में पेपर लीक और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, आज युवा भाजपा की दोहरी नीति का शिकार हो रहा है। एक तरफ सरकार रोजगार खत्म कर रही है दूसरी तरफ परीक्षाओं के पेपर लीक से युवाओं का भविष्य अंधकार में धंसता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी अपने दायित्व को निभाते हुए गूंगी बहरी सरकार के खिलाफ आवाज उठाकर पीड़ित युवाओं को न्याय दिलाने के लिए हमेशा अग्रसर रहेगी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी भ्रष्ट मोदी सरकार के खिलाफ युवाओं, महिलाओं, मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए पिछले 10 वर्षों से संघर्ष कर रहे है और हमने अपने घोषणा पत्र न्याय पत्र में पेपर लीक के विरुद्ध सख्त कानून बनाकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की गारंटी भी दी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता उनसे प्रेरणा लेते तब संघर्ष करेगा जब तक इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ नही फैंकेगा। हमें अगले पांच वर्षों तक चैन से नही बैठना है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जिसने व्यापम घोटाले को अंजाम दिया जिसमें 40-50 लोगों की जान भी गई थी, उसकी जांच अभी तक किसी अंजाम तक नही पहुंची है। उन्होंने कहा कि भाजपा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को अपनी प्रयोगशाला बताती है और अब पूरे देश के राज्यों को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि जब यूजीसी-नेट, नीट परीक्षा का पेपर लीक का भ्रष्टाचार सामने आ गया है, आरोपी सामने है, बयान कबूल लिए गए है, तब केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान परीक्षा रद्द करने का फैसला लेने की जगह खाना पूर्ति करने की कोशिश कर रहे है, जो युवा परीक्षार्थियों के साथ बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि कहा कि जब पेपर लीक को लेकर यूजीसी-नेट की परीक्षा रद्द कर दी है तब केन्द्र सरकार छात्रों के हित में नीट की परीक्षा को रद्द करने में देरी क्यों कर रही है। हमारी मांग है कि 24 लाख छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखते हुए नीट-यूजी की परीक्षा तुरंत रद्द होनी चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग की कि शिक्षा मंत्री नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को तुरंत प्रभाव से भंग करे। बता दें कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-स्नातक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा गत पांच मई को आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। नीट के नतीजे चार जून को घोषित किए गए। बिहार और कुछ अन्य राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं।

# डेटिंग जौमो एप से महिला/लड़की से फ्रेंडशिप, धोखा!

- घर पर मिलने जाते,,हाथ पैर बांध,,सबकुछ लूट ले जाते
- रोहिणी, डाबड़ी, द्वारका के चार वारदात का खुलासा
- दो गिरफ्तार,,मोबाइल, क्रेटा गाड़ी, स्कूटी बरामद
- द्वारका AATS ने किया खुलासा

**संवाददाता**




डेटिंग जौमो ऐप से महिलाओं/लड़कियों से फ्रेंडशिप करके फिर उसी के घर मिलने का बहाना बनाकर पहुंचने और उसे धोखा देकर, हाथ पांव बांधकर ज्वेलरी, कैश, मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को द्वारका जिला के एएटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने ज्वेलरी, मोबाइल, वारदात में इस्तेमाल क्रेटा कार और चोरी की स्कूटी के अलावा फेक नंबर प्लेट भी बरामद किया है। रोहिणी, डाबड़ी, द्वारका के चार मामलों का खुलासा

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विजय कमल कुमार और राहुल के रूप में हुई है। यह दोनों विपिन गार्डन एक्सटेंशन और मोहन गार्डन के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने रोहिणी, डाबड़ी और द्वारका के चार मामलों का खुलासा किया है। जिसमें से सेक्टर 3 रोहिणी के ज्वेलरी शॉप में हुई लूट का मामला भी शामिल है। गिरफ्तार बदमाश विजय पहले से आनंद विहार, मोहन गार्डन और हर्ष विहार इलाके में ज्वेलरी शॉप पर लूट और आटो लिफ्टिंग के वारदात में शामिल रहा है।

31 मई को जीवन पार्क में महिला के साथ लूट हुई थी

डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इस मामले का खुलासा अअळर के इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में सहायक सब इंस्पेक्टर तोपेश, हेड कांस्टेबल जगत, मनोज और मनीष इत्यादि की टीम ने किया है। जब 31 मई को जीवन पार्क, उत्तम नगर में रहने वाली एक महिला के साथ लूट की वारदात उसी के घर में हुई थी।

डेटिंग जौमो एप से जतिन नाम के युवक से हुई दोस्ती

पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि डेटिंग जौमो एप के जरिए जतिन नाम के एक शख्स से दोस्ती हुई थी। वह 30 मई की रात में घर पर मिलने के लिए रिक्वेस्ट किया और अपने एक दोस्त के साथ वहां पहुंचा। बातचीत के दौरान अचानक उन्होंने महिला का हाथ, पैर और मुंह टेप से बांध दिया। उसके बाद घर से गोल्ड की ज्वेलरी, मोबाइल और कैश लूटकर फरार हो गए। उस मामले की जांच के बाद डाबड़ी थाना में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को सुलझाने के लिए द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम को लगाया गया था।

19 दिनों तक उउळश, टेक्निकल सर्विलांस से जांच

पुलिस टीम ने लगातार 19 दिनों तक सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल सर्विलांस और इनफॉर्मर की मदद से छानबीन के बाद आखिरकार इस मामले का खुलासा किया। डाबड़ी लूट के अलावा तीन और मामले द्वारका और रोहिणी के भी खुले। पुलिस के अनुसार जिस क्रेटा कर से यह दोनों जीवन पार्क पहुंचे थे, उसपर नंबर प्लेट फर्जी लगा हुआ था। पुलिस को यह भी पता चला है कि एक जगह वारदात करने के बाद वहां से लूटे गए मोबाइल का इस्तेमाल दूसरी जगह वारदात के लिए करते थे।

रोहिणी में इसी तरह की वारदात 23 मार्च को हुई थी रोहिणी में भी इसी तरह की वारदात 23 मार्च को इसी साल हुई थी। जिसमें एक युवती से डेटिंग जौमो एप के जरिए दोस्ती करके उसके घर पर यह पहुंचे। फिर उस युवती के हाथ, पैर, मुंह बांधकर वहां से ज्वेलरी, कैश, मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। उसके बाद इन्होंने सेक्टर तीन रोहिणी में ज्वेलरी शॉप में भी लूटपाट की थी। जिस क्रेटा गाड़ी से वहां गए थे, उसपर नंबर प्लेट फर्जी लगाया था। हॉस्पिटल के बाहर से और विपिन गार्डन से पकड़ा लूट के मामले की छानबीन कर रही एएटीएस की टीम ने सबसे पहले राहुल को सफदरजंग अस्पताल के बाहर से दबोचा। फिर उससे जब पूछताछ हुई तो गैंग के मास्टरमाइंड विजय कमल कुमार को विपिन गार्डन इलाके से गिरफ्तार किया गया। वहां से वारदात में इस्तेमाल क्रेटा कार को पुलिस ने बरामद किया और चोरी की स्कूटी के अलावा फेक नंबर प्लेट भी वहां से मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### माहुली गंगा घाट पर किया गया योग शिविर का आयोजन



भोजपुर। जिला गंगा समिति, भोजपुर द्वारा स्वयं एवं समाज के लिए योग के थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन माहुली गंगा घाट पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आसमां, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा सह नोडल पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर, और कार्यक्रम का नेतृत्व और संचालन अमित कुमार सिंह जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे इस मौके पर रंजय बैठा, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान भोजपुर, विनय कुमार, जिला सलाहकार, भीम कुमार, जिला समन्वयक, आईटीसी, मोहित भारद्वाज, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डा. प्रशांत गुप्ता, प्रशिक्षु प्रखंड विकास पदाधिकारी, पुष्पांजलि शर्मा, प्रखंड समन्वयक, राजू सिंह मुखिया प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत नरगदा और युवा क्लब के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित रहे।

### चानक्या विद्यालय बाराचट्टी के प्रांगण में विश्व योगा दिवस का आयोजन

गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गया जिला के बाराचट्टी विधानसभा के चानक्या विद्यालय बाराचट्टी के प्रांगण में विश्व योगा दिवस के मौके पर हर्षोल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया है। इस मॉके पर निदेशक देवकुमार प्रसाद, प्राचार्य - इंद्र रंधीर कुमार, उप प्रधानाध्यापिका - डॉ सोनम कुमारी, विद्यालय - मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ रवि वर्मा योगा शिक्षक सूर्यदेव गुप्ता, अंकुर कुमार, पियूष कुमार निखिल कुमार, नित्यान्द कुमार एवं अन्य शिक्षक गण तथा विद्यार्थीगन आदि उपस्थित थे।

### बंद इस्पात कारखाना खोलने की मांग हरे राम सिंह ने प्रधानमंत्री से की

गया। गया से नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम जाने के क्रम में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत करते हुए वजीरगंज विधानसभा चुनाव प्रत्याशी सह वरिष्ठ नेता हरे राम सिंह ने प्रधानमंत्री से भेट कर वजीरगंज विधानसभा के बारे में जानकारी दी और बंद इस्पात कारखाना खोलने की मांग की है जिससे गया जिला के युवा को रोजगार मिलेगा। और बातें पर चर्चा कीए हरे राम सिंह से।

### नाला का गंदा पानी जमा होने पर स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जमुई। विद्यालय के पास गांव से नाला का गंदा पानी जमा हो जाने के बाद स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी को देखकर स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए नाला निर्माण किए जाने की मांग उठाया है। मामला प्रखंड क्षेत्र के हथिया पंचायत के पाण्डेयडीह गांव का है। ग्रामीण बमशंकर पांडेय, काशी पंडित, राजेश कुमार राय, राधेश्याम पंडित, रवि कुमार यादव, विजय यादव, नवलेश कुमार यादव सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि पाण्डेयडीह गांव से लेकर मध्य विद्यालय के पीछे होते पुनः दक्षिण से पश्चिम दिशा की ओर सर्वे नाला का निर्माण पूर्व में कुछ दूर तक हुआ था जो वर्तमान समय में क्षतिग्रस्त हो चुका है। नाला क्षतिग्रस्त हो जाने से सारा गंदा पानी विद्यालय के नजदीक जमा हो गया जिससे स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों को आवागमन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए हमलोग प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग करते है कि अपने स्तर से निरीक्षण कर अतिशीघ्र सर्वे नाला के जमीन के अनुसार गांव से लेकर जहां तक सर्वे नाला का जमीन है उतनी दूरी तक अभिलंब नाला का निर्माण कराने की कृपा कि जाए ताकि विद्यालय के पास जो गंदा पानी जमा हो गया है।

### योग की बुनियादी आवश्यकता और इसे दिनचर्या में शामिल करने के लिए छात्रों का किया आह्वान

गया। दसवें वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर गया कॉलेज, गया की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक योग शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें एनएसएस वालंटियर के अलावा एनसीसी कैडेट, स्पोर्ट एवं बीएड विभाग तथा कॉलेज के अन्य विभाग के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक के रूप में बीपार्ड, गया के रवि पांडे कुणाल किशोर और शशि भूषण ने योग से जुड़ी हुई विभिन्न मुद्राओं के बारे में छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया एवं योग के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। प्रत्येक प्राणायाम से जुड़े हुए फायदे एवं विभिन्न बीमारियों का निदान योग के माध्यम से किस प्रकार किया जा सकता है इसके बारे में बतलाया है। प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र ने योग की बुनियादी आवश्यकता और इसे दिनचर्या में शामिल करने के लिए छात्रों का आह्वान किया और उसके तात्कालिक लाभ पर भी चर्चा की गई है। इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि छात्र जीवन के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण होता है।

# वीकेएसयू के पूर्व सीनेट सदस्य मुनुमन ने की शिक्षा मंत्री से मुलाकात, छात्रों के बायोमेट्रिक हाजरी और कक्षाओं में सीसीटीवी लगाने की मांग की

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के पूर्व सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी उर्फ मुनमुन ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर यूनिवर्सिटी की उच्च शैक्षणिक व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करने की मांग की है। उन्होंने वीकेएसयू के सभी अंगीभूत एवं सम्बद्धताप्राप्त कॉलेजों सहित पीजी विभागों में छात्र छात्राओं की बायोमेट्रिक हाजरी लगाने की व्यवस्था शुरू करने की मांग की और कहा कि सभी कॉलेज और पीजी विभाग बायोमेट्रिक हाजरी के आधार पर ही 75 प्रतिशत उपस्थिति का छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट जारी करे और फिर कॉलेज और विभाग द्वारा जारी इसी सर्टिफिकेट के आधार पर छात्र छात्राओं के यूजी, पीजी, बीएड, एमबीए, एमसीए या अन्य परीक्षाओं के परीक्षा फार्म भरे जाएं। उन्होंने सभी अंगीभूत एवं सम्बद्धताप्राप्त कॉलेजों के साथ ही यूनिवर्सिटी के पीजी विभागों में कक्षाओं में सीसीटीवी लगाने की शिक्षा मंत्री से मांग की है और कहा है कि इसी सीसीटीवी के माध्यम से वर्गों में कक्षाओं के संचालन और यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं की निगरानी की जाय। इससे शिक्षा और परीक्षा दोनों की गुणवत्ता बनी रहेगी और निष्पक्षता भी बरकरार रहेगी। मुनुमन ने कॉलेजों की आधारभूत संरचना के विकास के लिए समुचित राशि और संसाधन मुहैय्या कराने की भी शिक्षा मंत्री से मांग की है। इसके पूर्व भी पूर्व सीनेट सदस्य अजय कुमार तिवारी मुनमुन ने बिहार के शिक्षा मंत्री से मुलाकात की थी और वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी और इससे सम्बद्ध अंगीभूत कॉलेजों को नैक से मान्यता दिलवाने के लिए यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की थी। उन्होंने इसी क्रम में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर से भी राजभवन पटना में मुलाकात कर वीकेएसयू के शैक्षणिक विकास के लिए सुझाव दिए थे और शिक्षा एवं परीक्षा को पटरी पर लाने एवं यूनिवर्सिटी के उत्तरोत्तर विकास के लिए मांगे रखी थी।

बिहार के शिक्षा मंत्री और राज्यपाल सह कुलाधिपति ने मुनमुन को उनकी मांगों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस बीच पूर्व सीनेट सदस्य मुनमुन ने दूरभाष पर बताया कि वे लगातार वीकेएसयू के शैक्षणिक विकास एवं इस विश्वविद्यालय को राज्य के टॉप विश्वविद्यालय की श्रेणी में पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं और इसके लिए समय समय पर सरकार एवं राजभवन के संपर्क में हैं। यूनिवर्सिटी के सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण विकास के लिए हर एक महत्वपूर्ण सुझाव वे लगातार राज्य सरकार एवं राजभवन को दे रहे हैं।

# आरा स्टेशन पर तबीयत बिगड़ने से सीआरपीएफ जवान की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर यात्री शेड में बुधवार की शाम तबीयत बिगडने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। सूचना पाकर रेल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत जवान बिहिया थाना क्षेत्र के मिश्ररौली गांव वार्ड नंबर-एक निवासी नारायण मिश्रा के 42 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार मिश्रा है। वह सीआरपीएफ में जवान थे। करीब तीन साल से वह गुजरात के गांधीनगर में सीआरपीएफ में एएसआई सिग्नल कोर रेडियो ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे।

इधर, मृतक जवान के बड़े भाई राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वह आरा में क्वार्टर लेकर अपने फैमिली के साथ रहते थे। एक सप्ताह पूर्व वह छुट्टी पर घर आए थे। बुधवार की शाम वह आरा स्टेशन से ट्रेन पकड़कर अपने गांव जाने वाले थे। इस बीच अचानक उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनके एक भाई के द्वारा इसकी सूचना उन्हें मिली। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वही पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार सीआरपीएफ जवान की अत्यधिक गर्मी होने एवं लू-लगने के कारण स्वाभाविक मौत होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक जवान अपने चार भाई व दो बहन में पांचवें स्थान पर थे। उन्होंने वर्ष 2003 में नौकरी ज्वाइन की थी। उनके परिवार में मां धर्मशीला देवी, पत्नी संध्या देवी, दो पुत्री अपूर्व एवं अंकिता है।

घटना के बाद मृतक जवान के घर में हाहाकार मच गया है। घटना के बाद मृतक जवान की मां धर्मशीला देवी, पत्नी संध्या देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर किया गया योगाभ्यास

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर स्थानीय 'शान्ति स्मृति' सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा में 'सामूहिक योग अभ्यास शिविर का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। योग दिवस समारोह का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंध निर्देशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र और प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रजज्वलित कर किया।

उद्घाटन के बाद समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ० अर्चना सिंह ने कहा कि योग शरीर और मन को मजबूत व स्वस्थ बनाता है, बुद्धि को प्रखर बनाता है। 'योग' शरीर, मन और बुद्धि को जोड़ने के साथ-साथ मानवता को भी जोड़ता है। 'योग' हिंसा, क्रूरता, कट्टरता एवम् विनाशकारी सोच को बदलकर सात्विक, सकारात्मक एवम् प्रकृति के अनुकूल विचारों को पोषण देता है। आधुनिक विज्ञान ने भी यह मान लिया है कि योग हमारे शरीर एवम् मन को स्वस्थ एवम् संतुलित बनाता है। रोगों को ठीक करने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करने में मदद करता है। विश्व की अनेक गम्भीर समस्याओं का समाधान योग विज्ञान में समाहित है। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंध निर्देशक डॉ० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में योग के महत्व एवम् इसकी विशेषता को विस्तार से बताया एवम् समझाया गया है। योग के विभिन्न आयामों को सूत्रो के रूप में मंत्रों के माध्यम से बड़े ही सहज रूप से प्रस्तुत किया गया है। जैसे पतंजलि ऋषि ने योग के अष्टांग सूत्र (यम, नियम, आसन, प्रणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) देकर जीवन जीने की कला को बताया है। जैसे-योगः अथ अनुशासनम् योगश्चित्तवृतिः निरोधः, योगः कर्मशु कौशलम् आदि। इस अवसर पर 'योगाभ्यास कराते हुए विद्यालय के योग शिक्षक शशीभूषण सिंह ने कहा कि योग हमे जीने का कला, स्वस्थ रहने की कला, सकारात्मक सोचने की कला, प्रेम से रहने की कला तथा शरीर, मन को आनंदित कर आत्मा को परमात्मा से मिलाने की कला को सिखाता है। यह प्राचीन भारतीय अब आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसकर कुंदन बनकर विश्व पटल पर छा गया है।

इसका छोटा सा प्रमाण विश्व योग दिवस के रूप में मनाकर प्रतीकात्मक संदेश दिया जा रहा है। आगे इसमें प्रगति की प्रबल सम्भावना है। 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री शशीभूषण सिंह के दिशानिर्देश में विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक/ शिक्षिकाओं ने सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के अनुसार 'योगाभ्यास' का पालन किया।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा किया गया योगाभ्यास

प्रात : किरण संवाददाता



आरा : अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा, भोजपुर और महिला मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान और खेल कीडा के लोग भी साथ में स्थानीय वीर कुँवर सिंह स्टेडियम, आरा में योगाभ्यास किया गया युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशुद्ध बिभु जैन के नेतृत्व में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर विधान परिषद जीवन कुमार जी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कौशल विद्यार्थी, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष ममता सिंह, इस कार्यक्रम के प्रभारी श्री कुमार प्रतीक, जिला मंत्री, कुणाल सिंह, युक्ति प्रमुख अंजली पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी प्रतीक चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, कुमार विजय, नीरज सिंह, कुणाल कुमार, उत्सव, सुशील कुमार, मोहित, सचिन, अभिषेक मिश्रा और भी बहुत से कार्यकताओं गण थे जिसकी जानकारी मीडिया प्रभारी अरिहंत विजय जैन ने दी।

# बी.एस.डीएवी. स्कूल में योग शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज स्थानीय बी.एस. डीएवी. प.स्कूल में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सामूहिक रूप से योग किया। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा प्रशिक्षित विद्यालय के योग गुरु व गणित के शिक्षक संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में विधिवत योग शिविर संपन्न हुआ। योग शिविर को संबोधित करती हुई प्रचार्या नीशू जायसवाल ने कहा कि "योग हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी हो गया है। यह हमारे मन-मस्तिष्क और शरीर को शांत, सबल और श्रेष्ठ बनाता है।" वरिष्ठ हिंदी शिक्षक मिथिलेश कुमार ने 'सूक्ष्म योग' प्रविधियों की ओर सबका ध्यान खींचा और बताया कि, "सूक्ष्म योगों से हम बड़ी-से-बड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। इन्हें करने के लिए विशेष समय नहीं निकालना पड़ता है।" योग संचालक संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में सभी ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम आदि के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण आसनों को करके सीखा। संजय श्रीवास्तव ने योग के प्रमुख चार स्तंभों की चर्चा करते हुए बताया कि, "योग, आसन, विश्राम और आहार ये योग के चार महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। योग से जहाँ ध्यान केंद्रित करने, आसन से शरीर स्वस्थ रखने, विश्राम से शरीर व मन की थकान को दूर करने में सहयोग मिलता है, वहीं पौष्टिक आहार से शरीर सबल होता है और उसका संपूर्ण विकास हो पाता है।" आसन के दौरान मधुर संगीत की धुन सबके तन-मन को शांत व प्रसन्न बना रही थी। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पारंपरिक 'जुंबा नृत्य' की धुन पर भी रोचक तरीके से योगाभ्यास किया। संगीत शिक्षक विष्णुशंकर ओझा और संचालक संजय श्रीवास्तव ने योग गीत भी गाया। ग्रीष्मावकाश की वजह से आज की निर्धारित 'बाल योग प्रतिस्पर्धा' का आयोजन नहीं हो पाया। कक्षा आरंभ होने पर यह प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। अंततः संजय श्रीवास्तव ने योग शिविर में शामिल सबका सादर धन्यवाद किया।

# राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया योग दिवस पर योगाभ्यास

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सिंगही, आरा में विश्व योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भोजपुर विभाग के क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष प्रोफेसर हीरा जी राय, उपाध्यक्ष अतुल कुमार जी, विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, सदस्या बहन वंदना राजवंशी, सदस्या बहन शकुन्तला देवी एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। योग गीत के सामूहिक गान के पश्चात आचार्य वीरेंद्र कुमार पांडेय, बहन कृतिका एवं आचार्य शुभम जी ने विद्या भारती द्वारा निर्देशित सभी योग क्रियाओं का सफल सामूहिक संचालन किया। इस अवसर पर वाटिका से लेकर दशम कक्षा तक के सौ से भी अधिक भैया बहनों की उत्साहजनक उपस्थिति रही। कई पूर्व छात्र यथा विभाग संयोजक भैया बिभु, भैया गौरव, भैया शशांक के साथ साथ स्थानीय समाज के भी कई बंधु भगिनी ने सामूहिक योग अभ्यास किया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने योग के प्राचीन इतिहास और वर्तमान जीवन शैली में महत्व पर विस्तार से बताया। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने शरबत और मिठाई का आनंद प्राप्त किया।

# गया हवाई अड्डा पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

गया। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेशों के अनुपालन के क्रम में गया हवाई अड्डा पर दिनांक 21/06 हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसे गया हवाई अड्डा के राजभाषा विभाग द्वारा विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है इस कार्यशाला का उदघाटन विमानपत्तन निदेशक बंगजीत साहा ने मुख्य अतिथि सह व्यख्याता विनय कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक राजभाषा तथा प्रभारी राजभाषा विभाग, गया हवाई अड्डा, श्री अमरेश कुमार पाण्डेय के साथ संयुक्त रूप से किया गया है कार्यशाला में अपने व्याख्यान के दौरान श्री सिंह ने राजभाषा नीति तथा तकनीकी के सहयोग से राजभाषा हिंदी के प्रयोग के ऊपर व्याख्यान दिया गया है '। विमानपत्तन निदेशक श्री बंगजीत साहा ने अपने सम्बोधन में सभी सदस्यों को तकनीक के सहायता से अधिक से अधिक हिंदी में कार्य करने के लिए निर्देशित किया एवं सभी से आग्रह किया कि अपने दिन प्रतिदिन के कार्यो को अधिक से अधिक हिंदी में करने का प्रयास करें। इस कार्यशाला में कुल 28 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन श्री अमरेश कुमार पाण्डेय, प्रभारी राजभाषा, गया हवाई अड्डा द्वारा किया गया है।

# योग का अर्थ है 'जुड़ना' या 'एकत्रित होना', जो शरीर, मन और आत्मा को एकीकृत करने की प्रक्रिया को दर्शाता है

प्रात : किरण संवाददाता



गया। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी के कार्यालय परिसर में भाजपा नेताओं के द्वारा योग किया गया। यह दिवस योग के महत्व को उजागर करने और इसे जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। योग, एक प्राचीन भारतीय प्रथा है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। 21 जून को इसलिए चुना गया क्योंकि यह वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और उत्तरी गोलार्द्ध में इसे विशेष महत्व दिया जाता है। इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा योग का इतिहास हजारों साल पुराना है, जिसमें यह सिर्फ शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग का अर्थ है ह्यजुड़नाह्ल या ह्यएकत्रित होनाह्ल, जो शरीर, मन और आत्मा को एकीकृत करने की प्रक्रिया को दशार्ता है। प्राचीन ग्रंथों और ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित इस विधा को आज पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है। देश को ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया था। इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में योग के महत्व को बताते हुए इस दिवस की आवश्यकता पर बल दिया था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्वभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह दिवस हमें अपने व्यस्त जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे हम शारीरिक और मानसिक तनाव से मुक्त रह सकें। योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए, बल्कि समाज और राष्ट्र की समृद्धि के लिए भी आवश्यक है। यह मानसिक शांति, शारीरिक शक्ति और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य है कि लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और इसके लाभों को समझें। योग के नियमित अभ्यास से हम स्वस्थ, समृद्ध और शांतिपूर्ण जीवन जी सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, भाजपा नेता सुनील कुमार बम्बईया, विक्की बरनवाल, हिरा यादव, बबलू गुप्ता, कुंदन कुमार आदि लोग उपस्थित होकर योग किए।

# भोजपुर पुलिस के छापेमारी में जिले के टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। पुलिस एवं भोजपुर जिले के सहार थाने के पुलिस टीम के सहयोग से जिले के टॉप 10 अपराधी को उसे घर नवादा से गिरफ्तार किया है अरवल पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अरवल जिला का टॉप-10 अपराधी विश्वजीत कुमार उर्फ तेजु यादव, पिता-विरेन्द्र यादव, सा०-नवादा, थाना-सहार, जिला-भोजपुर अपने गांव में आया हुआ है। प्राप्त गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अरवल पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में तत्काल एक टीम गठित की गई, जिसमें रामपुर चौरम थाना अध्यक्ष सिंटु कुमार, सदर थाना के पु०अ०नि० हरिकांत कुमार, पु०अ०नि० धीरज कुमार सिंह अरवल थाना, स०अ०नि० राकेश कुमार एवं जिला आसूचना इकाई अरवल टीम एवं क्यू०आर०टी०-01 अरवल टीम को शामिल किया गया। गठित टीम एवं सहार थाना के संयुक्त कार्रवाई में उक्त अपराधी को एक यू०एस०ए० मेड ऑटोमेटिक लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि उक्त अपराधी पर बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा 1 लाख रू० का ईनाम घोषित रखा गयाथा। विश्वजीत कुमार उर्फ तेजु यादव, पिता-विरेन्द्र यादव, सा०-नवादा, थाना-सहार, जिला-भोजपुर का रहने वाला बताया जाता है जिसके पास से एक यू०एस०ए० मेड ऑटोमेटिक लोडेड पिस्टल। एक स्मार्टफोन बरामदगी किया गया है गौरतलब हो कि अरवल एवं भोजपुर जिले में विभिन्न थाने में 13 अपराधी मामला दर्ज था और वह कई वर्षो से वह फरार चल रहा था आखिरकार पुलिस के गिरफ्त में आ गया है।

# आरजीएन स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लगाया गया योग शिविर

प्रात : किरण संवाददाता



गया। बड़की बाग शेरघाटी तथा किशोरी मोहन काम्प्लेक्स स्थित आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के दोनो शाखाओ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विद्यालय में योगाभ्यास कराया गया साथ हि विद्यार्थी जीवन मे योग का महत्व पर चर्चा किया गया है। इस आयोजित योग शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ योग किया गया है। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार ने बच्चों तथा शिक्षको को सम्बोधित करते हुवे कहे की इस कार्यक्रम का आयोजन बच्चों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया है। इस कार्यक्रम का शुरूआत गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुई है। निदेशक संजय कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुवे कहे की विद्यार्थियों के लिए योग बहुत ही लाभदायक है इससे बच्चों के मन-मस्तिष्क में स्थिरता आती है और बच्चों को अपनी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में भी पूर्ण रूप से सहायता मिलती है। योग के प्रभाव को देखते हुए आज चिकित्सक एवं वैज्ञानिक योग के अभ्यास की सलाह देते हैं। योग साधु-संतो के लिए ही नहीं वरन समस्त मानव जाति के लिए आवश्यक है, विशेषकर छात्र जीवन के लिए तो बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे मे बताये की इस दिवस का उद्देश्य योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक फायदों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसे दुनिया भर में एक स्वस्थ जीवनशैली के रूप में अपनाने को प्रोत्साहित करना है। उसके बाद योग शिक्षिका अर्चना कुमारी ने बच्चों को विभिन्न आसन व प्राणायामों के बारे में व उनसे होनेवाले लाभ के बारे में बताया। डॉ. देवेंद्र कुमार ने भी बच्चों को कई प्रकार के आसन तथा योगाभ्यास कराये। विद्यालय के उपनिदेशक ई. संजीव कुमार ने बच्चों को बताये की जीवन में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग से बेहतर विकल्प मौजूद नहीं है। ऐसे में इसे अपने जीवन का आधार बनाएं और एक अच्छी जीवनशैली व्यतीत करें। इस मोके पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. वर्मा, उपप्राचार्य आकिब अली खान वा डॉ. देवेंद्र कुमार शिक्षक सिया राम शर्मा, विनय श्रीवास्तव, अशोक कुमार, अभिषेक तिवारी, शिक्षिका सीता गुप्ता, स्वेता कुमारी तथा अन्य सभी शिक्षकों ने भी योगाभ्यास किया।

# एकेडमिक कैलेंडर दुरुस्त करने एवं विभिन्न परीक्षाओं को लेकर जेपीयू कुलपति से मिला एआईएसएफ सारण जिला परिषद के छात्र प्रतिनिधि

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। शुक्रवार को आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन सारण जिला इकाई संगठन के जिला सचिव अमित नयन के नेतृत्व में जेपीयू कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई से छात्रों के विभिन्न समस्याओं ग्रेजुएशन के परीक्षा फॉर्म की तिथि को विस्तारित करने, युजी एवं पीजी के पंजीयन से वंचित छात्रों के पंजियन कराने, एकेडमिक कैलेंडर लागू करने आदि तमाम छात्र समस्याओं को लेकर जेपीयू कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से मिला। करीब डेढ़ घंटे बैठक के दौरान कुलपति महोदय ने सारी समस्याओं के निदान हेतु सकारात्मक रूप दिखाते हुए कुछ दिनों की मोहलत मांगी ताकि विभिन्न समस्याओं को शीघ्र निजात दिलाई जाए। एआईएसएफ जिला सचिव अमित नयन ने कुलपत महोदय से कहा कि युजी एवं पीजी के पंजीयन से वंचित छात्राओं को पंजीयन करने का एक अवसर प्रदान किया जाए। युजी फास्ट सेमेस्टर के परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि को विस्तारित करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में अमित नयन, रितेश कुमार यादव, पंकज, प्रिया, नेहा निशा संजय संतोष, राहुल, सोहन, अलका, रागिनी, रौनक, मोहन, रवि, रोशन, गुड़िया आदि छात्र शामिल थे।

# जेपी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों व शिक्षक-कर्मियों ने किया योगाभ्यास



छपरा सदर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं व शिक्षक-कर्मियों ने योगाभ्यास किया। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में सुबह-सुबह योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद प्रो. वीरेंद्र कुमार, कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र, खेल निदेशक प्रो. राजेश नायक, सहित विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी तथा छात्र-छात्रा उपस्थित थे। कुलपति ने स्वयं भी काफी देर तक विभिन्न प्रकार के योगासन किए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत रामजयपाल कॉलेज, पीसी विज्ञान कॉलेज, नारायण कॉलेज, गोरेयाकोठी सहित अन्य महाविद्यालयों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि योग स्वस्थ रहने के लिए सर्वोत्तम विधा है। यह प्रसन्नता की बात है कि विश्वविद्यालय में शीघ्र ही योग का पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया जानेवाला है। वहीं, राजभवन, पटना में 20 जून को आयोजित अन्तर्विश्वविद्यालय योग प्रतियोगिता-2024 में जयप्रकाश विश्वविद्यालय की टीम ने भी हिस्सा लिया। टीम में 3 छात्र एवं 2 छात्रा शामिल थे। प्रतियोगिता में जयप्रकाश विश्वविद्यालय की टीम ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया।



## कामकाजी महिलाओं पर टिप्पणी करने का मीरा कपूर को है अफसोस

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा कपूर की साल 2017 में उस समय कड़ी आलोचना हुई थी, जब उन्होंने कामकाजी महिलाओं के बारे में टिप्पणी की थी। मीरा ने कहा कि उनकी बेटी कोई पप्पी नहीं है और सवाल किया कि अगर महिलाएं बच्चों के साथ समय नहीं बिता सकती हैं तो वे बच्चे क्यों पैदा करना चाहेंगी। अब, मीरा ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनके बारे में सबसे बड़ी गलतफहमियों में से एक यह थी कि वह कामकाजी माहिलाओं को दूसरी नजर से देखती थीं और उन्होंने अपनी पिछले कमेंट पर खेद भी व्यक्त किया है। हाल ही में, एक साक्षात्कार में मीरा ने कहा कि उस समय उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि उन्हें एक कोने में धकेल दिया गया क्योंकि लोग सवाल कर रहे थे कि उनके जैसी शिक्षित महिला ने घर पर रहने वाली मां बनना क्यों चुना। मीरा को यह सोच गलत लगी और उन्होंने कहा कि उस समय वह अपने बच्चों को समय देना चाहती थीं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैंने शायद कुछ ऐसा कहकर अपना काम किया... मुझे नहीं लगता कि मैं अभी उनसे सहमत हूं। मुझे लगता है कि मैं उससे बहुत आगे निकल आई हूं। मीरा ने स्वीकार किया कि उनकी टिप्पणियों को किसी कारण से पसंद नहीं किया गया, और कहा, मैं समझ सकती हूं कि इसे क्यों अच्छी तरह से नहीं लिया गया। मुझे लगता है कि मैं एक कमजोर, भावनात्मक स्थिति में थी। मुझे लगता है कि मैं बस अपना बचाव करने की कोशिश कर रही थी कि मेरी पसंद भी ठीक है। मीरा ने जो कुछ भी कहा उसके लिए खेद व्यक्त किया और कहा कि इससे बहुत से लोग आहत हुए हैं। बता दें कि मीरा ने कुछ साल पहले एक इंटरव्यू में कामकाजी महिलाओं पर टिप्पणी की थी। उन्होंने साझा किया कि उन्हें अभी भी उन टिप्पणियों के लिए नफरत मिल रही है। उन्होंने कहा कि जब पहली बार विवाद हुआ, तो उन्हें शाहिद से बहुत समर्थन मिला, क्योंकि वह पहले से ही 14 साल से मीडिया से निपट रहे थे।



## मुझे जाने बिना बुरा होने का लेबल लगा दिया

**संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडी-द डायमंड बाजार 1 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होने के बाद से ही लोगों का ध्यान खींच रही है। साथ ही, उनकी भांजी अभिनेत्री शर्मिन सेगल भी चर्चा में हैं। सीरीज की रिलीज के बाद शर्मिन को न केवल उनके अभिनय के लिए बल्कि उनके प्रमोशनल इंटरव्यू के लिए भी ट्रोल किया गया है।**

सोशल मीडिया पर कुछ लोगों का कहना है कि वे अपने हीरामंडी को-स्टार्स के साथ बुरा व्यवहार कर रही हैं। अब इसको लेकर अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है।

हाल ही में, एक साक्षात्कार में शर्मिन ने इस बारे में बात की है। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी जैसी उनकी सह-कलाकारों ने सभी ट्रोलिंग के बीच उनके लिए खड़े होने का साहस दिखाया। उन्होंने कहा, मैं देखती हूं कि मेरे सह-कलाकार मेरे समर्थन में आगे आए। यह जानकर खुशी होती है कि वे मेरे बारे में ऐसा ही महसूस करते हैं। उनमें से कुछ ने व्यक्तिगत रूप से भी मुझसे संपर्क किया, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर मेरे लिए आगे आने के लिए, मुझे ऐसा लगता है कि मैं जाकर उन्हें गले लगाना चाहती हूं।

उन्होंने आगे कहा, अदिति मेरा ख्याल रखती हैं। मैं उनका ख्याल रखती हूं... वह उन लोगों में से एक हैं, जिन्होंने इस पूरे महीने में सबसे अधिक मुझे फोन किया, हालचाल पूछे और कंफर्म किया कि मैं ठीक हूं। मैं उनसे प्यार करती हूं। यह अदिति के साथ मेरी दोस्ती को गलत तरह से पेश किया गया है। मेरे मन में उनके लिए केवल सम्मान है।

शर्मिन ने कहा, मुझे लगता है कि किसी को जाने बिना उसके बारे में निर्णय करना या उसे बुरा, असभ्य या अपमानजनक व्यक्ति करार देना गलत है। मुझे लगता है कि यह अनुचित है, और यह मुझे कुछ मायनों में परेशान करता है। मेरे लिए, कोई कमेंट सेक्शन में किसी व्यक्ति को अच्छे या बुरे के रूप में परिभाषित नहीं कर सकता क्योंकि वे लोग मुझे नहीं जानते हैं।



## लिवइन में रहने पर सोनाक्षी ने किया रिएक्ट

**सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों काफी खबरों में हैं। रिपोर्ट्स हैं कि वो 23 जून को जहीर इकबाल संग शादी करने जा रही हैं। इसी के साथ ये भी खबरें थीं सोनाक्षी पहले ही अपने पापा के घर रामायण से मूव आउट कर चुकी हैं और वो जहीर संग लिवइन में रह रही हैं। अब एक्ट्रेस ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है।**

इंटरव्यू में सोनाक्षी सिन्हा ने इन खबरों को नकार दिया है। जब उनसे पूछा गया कि अब तो आप अपने घर में रह रही हैं, तो उन्होंने तुरंत पूछा कि आपसे किसने कहा कि मैं अब रामायण में नहीं रहती? तो होस्ट ने कहा कि मैंने सोचा कि आप अब खुद के घर में रहती हैं। तो इस पर सोनाक्षी ने कहा- आपने सोचा। यही होता है जब लोग खुद से सोचते हैं। मैं अभी भी अपने पेरेंट्स के साथ रहती हूं। हां, मैंने अपना घर खरीदा है। मैं वहां अपनी वर्क मीटिंग्स करती हूं। वहां मैं शूट करती हूं। वहां अपने ईवेंट्स के लिए तैयार होती हूं और जब मैं अपना सारा काम खत्म कर लेती हूं तो मैं वापस घर जाती हूं और सो जाती हूं। कुछ समय पहले ऐसी खबरें थीं कि सोनाक्षी और जहीर 2 साल से एक-दूसरे के साथ हैं। कुछ समय पहले ही दोनों ने शादी का फैसला लिया और कपल कुछ समय पहले ही साथ रहने लगा। अब दोनों शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी प्राइवेट होगी, सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और घरवाले होंगे। सोनाक्षी शादी से पहले इससे जुड़ी डिटेल्स शेयर नहीं करना चाहती और इसे क्लोज सर्कल में रखना चाहती हैं।

## रणवीर सिंह के फैंस के लिए खुशखबरी! अगले साल शुरू होगी डॉन 3 की शूटिंग

फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने बहुप्रतीक्षित डॉन 3 को लेकर अटकलों पर विराम लगाते हुए पुष्टि की है कि रणवीर सिंह की यह फिल्म अभी भी पटरी पर है। हाल ही में अफवाहों उड़ी थीं, जिसमें कहा गया था कि फिल्म को कई देरी के कारण रोक दिया गया है। अब फरहान ने आधिकारिक पुष्टि कर दी है। फिल्म निर्माता और अभिनेता फरहान अख्तर ने जब से यह एलान किया है कि बहुप्रतीक्षित फिल्म डॉन 3 में मुख्य अभिनेता का किरदार रणवीर सिंह निभाएंगे, तब से फैंस फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। डॉन फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग में रणवीर सिंह बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की जगह लेंगे और डॉन की भूमिका निभाएंगे। अब फरहान अख्तर से आखिरकार बता दिया है कि डॉन 3 की शूटिंग कब से शुरू होगी।



फिल्म निर्माता फरहान अख्तर ने बहुप्रतीक्षित डॉन 3 को लेकर अटकलों पर विराम लगाते हुए पुष्टि की है कि रणवीर सिंह की यह फिल्म अभी भी पटरी पर है। हाल ही में अफवाहों उड़ी थीं, जिसमें कहा गया था कि फिल्म को कई देरी के कारण रोक दिया गया है। अब फरहान ने आश्वासन दिया कि अगले साल इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। बातचीत में, फरहान ने अपनी फिल्म के बारे में अपडेट देते हुए कहा, हम अगले साल डॉन 3 की शूटिंग शुरू करेंगे।



## 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

## मटका की शूटिंग शुरू

अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम मटका है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं।

### नई ऊर्जा के साथ सेट पर वापस आए वरुण

वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, 175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। मटका के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!

### नोरा फतेही भी कर रही हैं अभिनय

मटका फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी। फिल्म का निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट और एसआरटी एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। वहीं, फिल्म में संगीतकार जीवी प्रकाश कुमार की धुनें सुनने मिलेंगी। अब चूंकि मटका की शूटिंग चालू हो चुकी है तो जाहिर है कि आने वाले दिनों में फिल्म से जुड़े कई अपडेट मिलने वाले हैं।

### लगातार दो फिल्में हुई फ्लॉप

वरुण तेज की पिछली दो फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया था। उनकी पिछली फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन थी, जो टिकट खिड़की पर फ्लॉप साबित हुई। इससे पहले उनकी फिल्म गांडीवधारी अर्जुन आई थी। इस फिल्म का भी बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। ऐसे में अब वरूण तेज मटका फिल्म से वापसी करना चाहेंगे।

## अमेरिकन शो हवाई फाइव ओ में नजर आएंगी मल्लिका

मल्लिका शेरावत फिल्म मर्डर से रातों-रात स्टार बन गई थीं। इस फिल्म के अलावा मल्लिका शेरावत कई और हिट फिल्मों में नजर आईं। इन दिनों मल्लिका शेरावत बॉलीवुड से दूर हॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने की कोशिश में लगी हुई हैं। मल्लिका शेरावत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट को साझा किया है। मल्लिका शेरावत ने अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए लिखा है, अमेरिकन शो हवाई फाइव ओ एक अफगानी लड़की का किरदार निभा कर मुझे काफी खुशी मिली है। मल्लिका शेरावत आगे लिखती हैं, मैं अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकल कर काफी खुश हूं। यह किरदार काफी अलग है और इसमें मैं ग्लैमरस अंदाज में नहीं दिखने वाली हूं।





## ताम-झाम से दूर रहते हैं नवाजुद्दीन सिद्दीकी, छोटी फिल्में करना है पसंद

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रौतू का राज' के सिलसिले में व्यस्त हैं। इस फिल्म में नवाज पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में नवाजुद्दीन एकदम अलग किरदार में दिखेंगे। हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में अभिनेता ने अपने अब तक के करियर की समीक्षा करते हुए कहा कि उन्हें छोटी फिल्मे करना पसंद है। इस दौरान उन्होंने साझा किया कि वह ताम-झाम से दूर रहते हैं। आइए जानते हैं नवाज ने क्या कुछ कहा?

### ताम-झाम से दूर रहते हैं नवाज

अभिनेता से जब पूछा गया कि वह अपने साथ बहुत कम लोगों को रखते हैं, जबकि आजकल के ज्यादातर सितारों के साथ उनके खाने, बालों और मेकअप का ख्याल रखने के लिए एक पूरी टीम होती है। इस पर उन्होंने कहा, 'क्योंकि यह सही बात नहीं है।' बता दें कि इंडस्ट्री में इस बात पर चर्चा चल रही है कि आज कल के सितारों के पास कई वैनिटी वैन होती हैं और सेट पर उनका ख्याल रखने के लिए एक बड़ी टीम रहती है। करण जौहर समेत कई फिल्म निर्माताओं ने इसके खिलाफ आवाज उठाई है और इस बात पर चिंता जताई है कि कैसे बढ़ती लागत फिल्म के बजट और निर्माताओं को प्रभावित कर रही है।

### तय फीस में काम करना चाहते हैं अभिनेता

हालांकि, नवाजुद्दीन सबसे बिल्कुल अलग हैं, जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें यह सब पसंद नहीं है। उनके लिए एक बात साफ है कि उन्होंने अपनी जितनी फीस तय की है, उन्हें उतने में ही काम करना है। अभिनेता ने आगे कहा, 'यह जो ताम-झाम बढ़ाते हैं, इसका फिल्म में इस्तेमाल नहीं हो रहा है, तो कोई मतलब नहीं उसका। मैं हमेशा इससे दूर रहा हूं, क्योंकि हमारी फिल्में बहुत बड़े बजट की नहीं होती हैं, सच कहूं तो, भले ही बजट बड़ा हो, मैं इससे दूर रहता हूं, क्योंकि यह सही चीज नहीं है। यह आपके क्षेत्र के लिए सही नहीं है।'

### छोटी फिल्में करना है पसंद

साक्षात्कार के दौरान अभिनेता ने अपने 25 साल के करियर को याद करते हुए साझा किया कि उन्हें किस तरह से सिनेमा से जुड़ने में मजा आया। अभिनेता ने यह भी बताया कि उन्हें अच्छी कहानी और बेहतरीन किरदार वाली छोटी फिल्में करना पसंद है, लेकिन उन्होंने पैसे के लिए बड़ी फ़िल्में भी की हैं। अभिनेता कहते हैं कि वह यह सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि वह संतुलित रहें, अगर उन्होंने कोई बड़ी फिल्म की है तो छोटी फिल्में भी करें। छोटी फिल्मों में भले पैसा कम मिलता है, लेकिन वह इससे संतुलन बनाने में कामयाब रहते हैं।

## द ब्लफ की शूटिंग के दौरान घायल हुई प्रियंका

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान घायल हो गई हैं। स्टंट शूट के दौरान प्रियंका के गले में कट लग गया है, हालांकि, ये कट बहुत गहरा नहीं लग रहा है मगर ऐसा लग रहा है कि इससे काफी उन्हें काफी दर्द हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कर अपनी चोट की जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए प्रियंका ने लिखा, ओह, मेरी नौकरी में खतरे, द ब्लफ, स्टंट। इस तस्वीर के सामने आने के बाद फैंस को अभिनेत्री की चिंता हो गई है।



